
दैनिक
प्रातः कालीन
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
# क्यूँ न लिखूँ सच
मुरादाबाद से प्रकाशित
Title Code UPBIL 05086
वर्ष :- 02 अंक :- 03 मुरादाबाद 24 April 2022 (Sunday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बोले- सीमा पार से देश को निशाना बनाने वाले आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई करने में नहीं हिचकेगा भारत



गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को सीमा पार आतंकी सरगनाओं को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि भारत को निशाना बनाने वाले आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई में कोई संकोच नहीं किया जाएगा। भारत पहले ही यह संदेश दे चुका है कि आतंकवाद से सख्ती से निपटा जाएगा। मौजूदा वक्त में बांग्लादेश से घुसपैठ बंद हो गई है। पूर्वी सीमा पर शांति और स्थिरता बरकरार है क्योंकि बांग्लादेश मित्र राष्ट्र है। 1971 युद्ध के वीरों के सम्मान समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत सीमा पार से देश को निशाना बनाने वाले आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई करने में नहीं हिचकेगा। इस बार इंडो-चाइना के टकराव के समय मैंने अपने सेना के शौर्य और पराक्रम को देखा। मेरा भरोसा पक्का हो गया है कि दुनिया की कितनी बड़ी ताकत हो वह भारत माता के शीश को झुका नहीं सकती है। राजनाथ सिंह ने कहा कि सरकार देश से आतंकवाद का सफाया करने के लिए काम कर रही है। भारत पहले ही यह संदेश देने में सफल रहा है कि आतंकवाद से सख्ती से निपटा जाएगा। यदि देश को बाहर से निशाना बनाया जाता है तो हम सीमा पार करने से नहीं हिचकिचाएंगे। भारत पश्चिमी सीमा पर जिस तनाव का अनुभव कर रहा है

वह पूर्वी सीमा पर मौजूद नहीं है। पूर्वी सीमा पर शांति कायम है क्योंकि बांग्लादेश एक मित्र देश है। राजनाथ सिंह ने आगे कहा कि हाल ही में असम के 23 जिलों से अफ्सपा (AFSPA) को पूरी तरह हटाया गया है। मणिपुर और नगालैंड के 15-15 पुलिस थानों से भी अफ्सपा (AFSPA) हटाया गया है। यह इस इलाके में आई शांति और स्थिरता के कारण ही संभव हो पाया है। इसमें पूर्वोत्तर राज्यों के मुख्यमंत्रियों की जितनी सराहना की जाए कम है। पहले एक भ्रांति थी कि सेना हमेशा AFSPA को लागू रखना चाहती है।

## डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य बोले-कामन सिविल कोड पर विचार कर रही है उत्तर प्रदेश सरकार, यह बहुत जरूरी



लखनऊ- केन्द्र सरकार में गृह तथा सहकारिता मंत्री अमित शाह के शुक्रवार को भोपाल दौरे पर देश के सभी राज्यों में कामन सिविल कोड लागू करने का संकेत देने के बाद से उत्तर प्रदेश में भी इसको लेकर माहौल बनने लगा है। उत्तर प्रदेश सरकार में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का मानना है कि उत्तर प्रदेश में भी कामन सिविल कोड लागू होना चाहिए। केशव प्रसाद मौर्य का मानना है कि सभी को समान नागरिक संहिता यानी कामन सिविल कोड की मांग करने के साथ ही इसका स्वागत भी करना चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार भी इस दिशा में सोच रही है। हम इसके पक्ष में हैं और यह उत्तर प्रदेश और देश के लोगों के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता भाजपा के मुख्य वादों में से एक है। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि देश के साथ प्रदेश में वाकई अब इसकी आवश्यकता है, किसी के लिए कुछ और किसी के लिए कुछ कानून हो, इससे बाहर निकल करके उत्तर प्रदेश सरकार कामन सिविल कोड को लेकर गंभीरता से विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से उत्तराखंड सरकार कामन सिविल कोड लागू करने जा रही है। उसी प्रकार उत्तर प्रदेश की सरकार भी और देश के अन्य राज्यों में भी जहां भाजपा की सरकार है, वहां पर कामन सिविल कोड को लेकर गंभीरता से विचार चल रहा है। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सबका साथ-सबका विकास के तहत सबके लिए एक जैसा काम हो रहा है, तो कामन सिविल कोड भी लागू होना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि गैर भाजपाई लोगों को भी इसकी मांग करनी चाहिए, लेकिन जब वोट बैंक की बात आती है तो तुष्टीकरण की राजनीति दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार इसके पक्ष में हैं। कामन सिविल कोड इस देश के लिए बहुत ही जरूरी है। उत्तर प्रदेश के लिए जरूरी है और इस देश की जनता के लिए जरूरी है। भारतीय जनता पार्टी के जो प्रमुख मुद्दे रहे हैं, उसमें धारा 370, राम मंदिर निर्माण और कॉमन सिविल कोड है। अगर इस पर विपक्ष साथ देगा तो अच्छा है, अगर विपक्ष साथ नहीं देगा तो इसका मतलब यह नहीं है कि हम इस पर विचार नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 में भी विपक्ष ने साथ नहीं दिया उसके बाद भी हटाई गई और यह कामन सिविल कोड भी लागू किया जाएगा।भारतीय जनता पार्टी के चाणक्य माने जाने वाले अमित शाह शुक्रवार को भोपाल में थे। वहां पर उन्होंने संकेत दिया था कि देश में जल्द ही कॉमन सिविल कोड (समान नागरिक संहिता) लागू हो सकती है। भोपाल में भाजपा के पार्टी कार्यालय में उन्होंने कोर कमेटी की मीटिंग में कहा कि अयोध्या का राम मंदिर, अनुच्छेद 370 और ट्रिपल तलाक जैसे मुद्दों के फैसले हो गए हैं। अब बारी कॉमन सिविल कोड की है।

## केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले बोले, बसपा प्रमुख मायावती को भाजपा के साथ लाने का करूंगा प्रयास



लखनऊ- केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री रामदास आठवले ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती को भारतीय जनता पार्टी के साथ लाने का प्रयास करूंगा। वह पहले भी भाजपा के साथ रही हैं। उन्होंने कहा कि बसपा का वोट प्रतिशत बहुत कम हो गया है। प्रदेश में कांग्रेस की तरह ही बसपा की भी हालत हो गई है। उन्होंने कहा कि शिवपाल यादव यदि चुनाव से पहले भाजपा में आ जाते तो आज वह योगी मंत्रिमंडल में मंत्री होते। राजधानी लखनऊ में आयोजित पत्रकार वार्ता में केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने कहा कि शिवपाल यादव व आजम खां सपा मुखिया अखिलेश यादव को छोड़ कर जा रहे हैं। कहां जा रहे हैं यह उन्हें नहीं पता है। मेरा निवेदन है कि जो भी अखिलेश को छोड़ कर जा रहे हैं वह भाजपा के साथ चले आएं। उन्होंने शिवपाल यादव को सलाह दी कि अभी भी उनके पास समय है वह भाजपा में शामिल हो जाएं। मायावती या कांग्रेस को उत्तर प्रदेश में सत्ता मिलने की भविष्य में भी कोई उम्मीद नहीं है। आठवले ने कहा कि बसपा से जो नाराज विधायक व सांसद हैं उन सबसे मिलकर बातचीत करेंगे। उन्होंने कहा कि हर महीने एक से दो बार यूपी जरूर आऊंगा। यहां की जनता से मुलाकात करूंगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर दलितों की समस्याएं हल करवाऊंगा। हम उत्तर प्रदेश में रिपब्लिकन पार्टी से लोगों को जोडने आए हैं। इसके साथ ही आठवले ने राज ठाकरे पर भी हमला बोला। कहा बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के संविधान से देश में राज चलेगा। हम राज ठाकरे की धमकी से नहीं डरते हैं। बगैर भेदभाव सभी के लिए चली रही है योजनाएं = आठवले ने कहा कि केंद्र सरकार ने लोक कल्याणकारी योजनाएं बिना किसी धर्म, जाति का भेदभाव किए चलाई हैं। उन्होंने बताया कि देश में प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ,प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, आयुष्मान योजना, उज्ज्वला योजना, वृद्धा आश्रम जैसी विभिन्न समाज के कल्याण के लिए योजनाएं चलाई गई हैं। उन्होंने सरकार की कई योजनाओं की उपलब्धियां भी गिनाईं।

**आवश्यकता है**
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के संपर्क करे-
knlslive@gmail.com
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे-
एन.राज शर्मा
प्रधान संपादक
9027776991
निशाकांत शर्मा
सहसंपादक
7906743371
सुमित गुप्ता
क्यूँ न लिखूँ सच
9458664527

# रामनरेश मिश्रा और रोहित पुंढीर हुए विजयी घोषित

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-एटा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और महासचिव चुनाव की मतगड़ना हुई सम्पन्न, 18 वे फाइनल राउंड पर अध्यक्ष पद के प्रत्याशी रामनरेश मिश्रा और महासचिव रोहित पुंढीर हुए विजयी घोषित, रामनरेश मिश्रा 13 वोट से जीते, और रोहित पुंढीर 353 वोटों से जीते, दोनों के समर्थकों में दौड़ी खुशी की लहर, रामनरेश मिश्रा ने अपने प्रतिद्वंदी अशोक सिकरवार को 13 वोटों से हराया, और वही महासचिव के प्रत्याशी रोहित पुंढीर ने अपने प्रतिद्वंद्वी आनन्द प्रकाश राजपूत को 353 वोटों से हराया, कनिष्ठ



उपाध्यक्ष संजीव राजपूत, रोहित शर्मा और संयुक्त सचिव प्रत्याशी दीपक तिवारी भी हुए विजयी, वही एटा जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल और एसएसपी उदयशंकर सिंह ने भारी सुरक्षाबल के बीच चुनाव कराया शांति प्रिय तरीके से सम्पन्न, बार एसोसिएशन में मौजूद एटा एडिशनल एसपी कालू सिंह,एसडीएम सदर शिवकुमार सिंह, एलआईयू इंस्पेक्टर अजय त्रिपाठी और कोतवाली प्रभारी तह मिश्रा जी ने दोनों नवागत अध्यक्ष और महासचिव को बधाई दी, और नवागत अध्यक्ष रामनरेश मिश्रा और महासचिव रोहित पुंढीर को उनके आवास अरूणा नगर तक भारी सुरक्षा के बीच घर तक सुरक्षित पहुँचाया गया,नवागत अध्यक्ष और महासचिव ने एटा पुलिस प्रशाशन को शांति प्रिय चुनाव सम्पन्न कराने के लिए धन्यवाद दिया।


# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सम्मानित हुए विजय किरण आनंद




निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जनपद एटा की शान वान जिलाधिकारी विजय किरण ने कोतवाली नगर एटा क्षेत्र के मौहल्ला लालपुर में जन्में थे 15 वाँ सिविल सर्विस दिवस पर दिल्ली में सिविल कार्यों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिल्ली में सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम पिछले वर्ष होना था परन्तु कोरोना काल की वजह सें इस कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया था। पूरे प्रदेश सें करीब सात बड़े छोटे अधिकारियों को सम्मानित किया गया है इसी क्रम में जनपद एटा में बहुत छोटे कार्यकाल में भी जनपद एटा में अपनी छाप छोड़ने वाले विजय किरण आंनद को प्रयागराज मेला में बेहतर कार्य व प्रबंधन के लिए गुरवार को वर्तमान तैनाती गोरखपुर विजय किरण आंनद को पी एम एवार्ड 2020 सें सम्मानित किया गया है। बहुत कम अधिकारियो नें कर पाया है एक सफल अधिकारी की यहीं पहचान है कि सरकार के द्वारा निर्गत नीतियों पर खरा उतरना ही सफलता का मूल मन्त्र है। विजय किरण आनंद भी ऐसे ही उत्तर प्रदेश के अधिकारी है जो सरकार और जनता के प्रिय अधिकारी रहें है। इसी के सापेक्ष में प्रयागराज मेला में श्रद्धालुओं को सुविधाए मुहैया कराने के लिए मेले में 797 परियोजनाओं पर काम हुआ था।24 विभागों नें सहयोग किया था। मेले के सफल आयोजन के बाद 15 त्नबजट शासन को लौटा भी दिया गया था।

# विद्युत विभाग की लापरवाही से 15 बीघा गेहूं की फसल हुई राख



मनोज कुमार पटेल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बदायूँ- विद्युत विभाग की तार से आम गांव निवासी वीरेंद्र सिंह फौजी के 15 बीघा गेहूं में आग लग गई जिससे पास में गेहूं की फसल को काट रहा है किसानों ने आग बुझाने की कोशिश की जोकि आमगांव लखनपुर के किसानों ने आग पर काबू पाने के लिए लाख कोशिश की पर गेहूं की फसल सूखी होने के कारण आग ना भुजा जा सके उसी समय तेज हवा भी चल रही थी जिससे किसान का लाखों रुपए का नुकसान हुआ जो कि इस बार गेहूं से ज्यादा जानवरों का मूसा की जरूरत है अब विद्युत विभाग से किसान ने अपनी फसल का नुकसान भरपाई करने के लिए अधिकारियों से पत्र देने की बात कही है

## विश्व पुस्तक दिवस पर एटा में पुस्तक वितरण

# मनुष्य की सच्ची गुरु है किताबें-पंकज कुमार एडवोकेट

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- विश्व पुस्तक दिवस के अवसर पर पंचायत विकास संस्थान उत्तर प्रदेश व आदरी ने संयुक्त रुप से ज्योतिष पंचजन्य बहुआयामी नामक पुस्तक को कचहरी स्थित एटा प्रांगण में सप्रेम भेंट की। इस अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच के उत्तर प्रदेश बौद्धिक संपदा प्रमुख व पंचायत विकास संस्थान उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष पंकज कुमार एडवोकेट ने कहा कि मनुष्य की सच्ची गुरु है पुस्तकें, मनुष्य बिना पुस्तकों के अपने जीवन चक्र में अधूरा -अधूरा सा रहता है। इस अवसर पर पंचायत विकास संस्थान के सचिव देवेंद्र कुमार ने कहा कि पुस्तके मानव की आत्मा होती हैं। उनके बिना जीवन अधूरा है ।मानव को पुस्तकों से ही अच्छी शिक्षा मिलती है ।पुस्तकों को किसी प्रकार का लालच नहीं होता है, इसलिए मानव की सच्ची हितैसी पुस्तके ही होती हैं । अंत में संस्थान के सचिव देवेंद्र कुमार ने कहा कि पुस्तकों के बिना मानव जीवन पशु समान होता है उनमें सोचने समझने एवं सामाजिक कार्य करने की क्षमता का विकास नहीं हो पाता हैं, जिन लोगों को पुस्तकें लिखने एवं पढ़ने का शौक होता है ।वह सामान्य व्यक्ति से कहीं ज्यादा उचित सोच रखता है ।इसलिए पुस्तकों को मानव मस्तिष्क की आत्मा कहा जाए ,तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी।इस अवसर पर एटा के वरिष्ठ नेता गिरीश वर्मा गल्ला अड़ती, रानी वर्मा, शिव कुमार, संजीव कुमार रणवीर सिंह,आदि लोग मौजूद रहे।

# वाँछित चल रहा नामजद अभियुक्त किया गया गिरफ्तार

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




एटा- थाना अलीगंज पुलिस को मिली सफलता, थाना अलीगंज पुलिस द्वारा 10 दिन पूर्व नाबालिग बालिका का अपहरण कर छेड़छाड़ करने की घटना मे वाँछित चल रहा नामजद अभियुक्त किया गया गिरफ्तार। अपहृता / पीड़िता पूर्व में सकुशल बरामद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में थाना अलीगंज पुलिस द्वारा नाबालिग बालिका का अपहरण कर छेड़छाड़ करने की घटना मे वाँछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गयी।* *घटना–* दिनांक 13.04.2022 को वादिया मुकदमा द्वारा थाना अलीगंज पर इस आशय की लिखित सूचना दी कि मेरी पुत्री रात 11 बजे शौच के लिए गयी थी तभी मोहल्ले का सुरजीत मेरी पुत्री को बहला फुसलाकर ले गया है । इस सूचना पर थाना अलीगंज पर मु0अ0स0 89/22022 धारा 363/366 भादवि बनाम सुरजीत के विरूद्ध पंजीकृत किया गया एवं दौरान विवेचना धारा 354 भादवि व 7/8 पोक्सो एक्ट की बढ़ोतरी की गई

# छापा मारकर किया अवैध क्लीनिक को सीज

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-अलीगंज के अलीपुर में फर्जी डाक्टर सीताराम के बगिया क्लीनिक पर जिलाधिकारी अंकित अग्रवाल एवं सीएमओ डा उमेश कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में तहसीलदार अलीगंज व डिप्टी सीएमओ ( अवैध चिकित्सा व्यवसाय ) डा. सर्वेश कुमार ने भारी पुलिस बल के साथ छापा मारकर किया अवैध क्लीनिक को सीज - थमाया नोटिस - दो दिन के अन्दर



मांगा जबाब - नोटिस का जबाब न देने पर होगी एफआईआर ! काफी लम्बे अंतराल से एक दुकान में बैठकर बाहर बगिया में तखत व चारपाईयां डालकर झोलाछाप सीताराम करता था मरीजों का उपचार

# जमकर हुआ मिष्ठान वितरण

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-कलेक्ट्रेट बार एसोसियेशन के वार्षिक निर्वाचन में गत शुक्रवार की भोर तक मजिस्ट्रेट की निगरानी व पुलिस की सुरक्षा में अध्यक्ष एवं सचिव व उपाध्यक्ष के पदों पर हुऐ मतदान के बाद मतगणना के अठारह राउन्डों की समाप्ति के पश्चात वरिष्ठ अधिवक्ता रामनरेश मिश्रा को अध्यक्ष पद पर विजयी घोषित किया गया! रामनरेश मिश्रा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी अशोक सिंह शिकरवार को मात्र 13 मतों से पराजित किया तो सचिव पद पर युवा अधिवक्ता रोहित



पुन्ढीर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी आनंद प्रकाश राजपूत को 353 मतों की बडी लीड देकर विजयी घोषित किऐ गऐ ! कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर संजीव राजपूत व रोहित शर्मा तथा संयुक्त सचिव पद पर युवा अधिवक्ता दीपक तिवारी ने जीत हासिल की ! सुबह की भोर में विजय उम्मीदवारों की घोषणा होते ही कलेक्ट्रेट परिसर ढोल नगाडों की आवाज से गुंजायमान हो उठा ! जिलाधिकारी अंकित अग्रवाल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह तथा जिला जज द्वारा विजयी प्रत्याशियों को बधाई एवं शुभकामनाऐं दी गयी ! निर्वाचन समपन्न कराने में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं एसडीएम सदर शिवकुमार सिंह, इंस्पेक्टर एलआईयू अजय त्रिपाठी सहित कोतवाली नगर पुलिस का सराहनीय योगदान रहा ! आज शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर में विजयी प्रत्याशियों के समर्थक अधिवक्ताओं ने जमकर एक दूसरे को मिष्ठान वितरण कर मुंह मीठा कराया !

# मुरादाबाद में सिविल लाइंस पुलिस ने पकड़ी तमंचा फैक्ट्री, चार गिरफ्तार



मुरादाबाद-सिविल लाइंस पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर अवैध रूप से चल रही तमंचा फैक्ट्री का खुलासा किया है। आरोपियों के पास से पांच बने और दस अधबने तमंचे, एक डबल बैरल लाइसेंसी बंदूक समेत तमंचा बनाने के उपकरण बरामद किए गए हैं। एसपी सिटी ने बताया आरोपी हरथला क्षेत्र के एक खंडहर में तमंचा फैक्ट्री चला रहे थे। आरोपी मुरादाबाद के साथ ही आसपास के जिलों और उत्तराखंड में भी तमंचे की सप्लाई करते थे। चारों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। शनिवार को पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता कर एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया सिविल लाइंस एसएचओ को मुखबिर से सूचना मिली थी कि हरथला क्षेत्र में तमंचा बनाया जा रहा है। उक्त सूचना पर एसएचओ रवींद्र प्रताप सिंह की टीम ने हरथला क्षेत्र में टिकली फैक्ट्री के बगल टावर के सामने स्थित खंडहरनुमा मकान में छापेमारी की। पुलिस को देख वहां मौजद लोग भागने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर दबोच लिया गया। बकौल पुलिस मौके से ठाकुरद्वारा के गांव रानी नागल निवासी सत्यवीर सिंह, कांठ के गांव मुजफ्फरपुर टांडा निवासी कृष्ण कुमार उर्फ भीमा, खलीलपुर कदीम निवासी भानु प्रताप और छजलैट के गांव संजरपुर निवासी कमल हसन को गिरफ्तार किया। आरोपियों ने उसी खंडहरनुमा मकान में अवैध रूप से तमंचा फैक्ट्री लगा रखी थी। मौके से पुलिस ने 315 बोर का चार तमंचा, 12 बोर का एक तमंचा, 315 बोर के छह और 12 बोर के चार अधबने तमंचे, 315 बोर की एक पौनिया और डबल बैरल बंदूक बरामद की। भारी मात्रा में कारतूस और खोखा और तमंचा बनाने का उपकरण बरामद किया गया। एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया आरोपियों में सत्यवीर ऑन डिमांड तमंचा तैयार करता है जबकि भीमा डेयरी की आड़ में उसकी सप्लाई करता है। कमल हसन और भानु प्रताप भी तमंचा बिकवाने में मदद करते थे। चारों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। आरोपी सत्यवीर सिंह इससे पहले 2017 में ठाकुरद्वारा और 2021 में छजलैअ थाने से आर्म्स एक्ट में जेल जा चुका है।

### दूध की आड़ में तमंचे की सप्लाई कर रहा था भीमा

मुरादाबाद। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने कई राज उगले हैं। एएसपी सागर जैन ने बताया कांठ के गांव मुजफ्फरपुर टांडा निवासी आरोपी कृष्णा कुमार उर्फ भीमा गांव में डेयरी चलाता है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि दूध सप्लाई करने की आड़ में ही वह तमंचे की भी सप्लाई कर देता है। दूध की टंकी साथ होने के कारण पुलिस उसकी चेकिंग भी नहीं करती थी। आरोपी कृष्ण कुमार ने बताया कि एक तमंचा बिकवाने पर उसे दो से ती हजार रुपये मिल जाते थे। अब तक वह करीब 80 तमंचे अलग-अलग लोगों को बेच चुका है। पकड़े गए आरोपी कमल हसन और भानु प्रताप को भी उसी ने तमंचा बेचा था।

# पाकबड़ा में मिले मासूम को सोलह दिन बाद मिला मां का आंचल




मुरादाबाद-पाकबड़ा पुलिस को मजार के पास मिले छह माह के मासूम को सोलह दिन बाद अपनी मां का आंचल मिल गया। सीडब्लयूसी के प्रयासों से बिछड़े मासूम को अपनी असली मां मिल गई। सीडब्लयूसी न्यायपीठ ने महिला के पिता को बेटी की तबीयत का ख्याल रखते की हिदायत देते हुए मासूम अरमान को उसकी मां अंजुम के हाथों में सौंप दिया। सात अप्रैल को पाकबड़ा की एक मजार पर पुलिस को एक छह माह का बच्चा लावारिस हालत में मिला। बच्चे की तबीयत खराब होने पर सीडब्लयूसी व चाइल्ड लाइन की मौजूदगी में पुलिस ने उसको महिला अस्पताल के बेबी इमरजेंसी वार्ड में रखवाया। इधर तीन चार दिन पहले एक महिला अपने पिता संग थाने पहुंची और पाकबड़ा में मजार पर मिले बच्चे को अपना होने का दावा किया। इस पर महिला को सीडब्लयूसी के पास भेजा गया, जहां उन्होंने पुख्ता प्रमाण मांगे। काफी प्रयासों के बाद भी महिला कुछ खास प्रमाण नहीं जुटा पाई लेकिन पूछताछ में उसके अपनी ससुराल बरेली व मायका मुरादाबाद थाना मझोला रतपुर बताया। सीडब्लयूसी ने पुलिस की मदद से महिला के बताए पते पर इसकी जांच कराई तो दावा करने वाली महिला उस बच्चे की असली मां निकली। मां व बच्चे के तस्दीक पूरी होने पर शनिवार को सीडब्ल्यूसी न्यायपीठ के अध्यक्ष अमित किशोर, सदस्य हरिओम, संजय चतुर्वेदी, बाल संरक्षणअधिकारी शिवांगी, चाइल्ड लाइन समन्वयक श्रद्धा शर्मा की मौजूदगी में अबोध अरमान को उसकी मां अंजुम व नाना रियासत के सुपुर्द कर दिया गया।

# दहेज न लाने पर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला, केस दर्ज

मुरादाबाद-मायके से दहेज न लाने पर दहेजलोभी ससुरालियों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला दिया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत के मोहल्ला मंदिर वाली गली पीपलसाना निवासी नसीम ने अपनी पुत्री सानिया का विवाह मुस्लिम रीति रिवाज से किया था। तब से ही ससुराल पक्ष के लोग दहेज को लेकर नाखुश थे और आए दिन विवाहिता के साथ मारपीट एवं दहेज की मांग करते रहते थे। पति व अन्य ससुरालियों ने 9 मार्च की सुबह को विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। विवाहिता सानिया अपने पिता नसीम के साथ भोजपुर थाने पहुंची और आपबीती थानाध्यक्ष हिमांशु चौहान को बताई। पीड़िता की तहरीर पर अनस, जाहिद, शकीला, सिमरन आदि के खिलाफ दहेज की मांग एवं मारपीट कर घर से निकालने की संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# मुरादाबाद में दो प्रधानों को प्रधानमंत्री पुरस्कार व पांच को मिलेंगे मुख्यमंत्री प्रोत्साहन पुरस्कार

मुरादाबाद-रविवार को राष्ट्रीय पंचायत दिवस पर मूंढापांडे ब्लाक के गांव डिलरा रायपुर में भव्य आयोजन किया जा रहा है। पंचायत दिवस पर हो रहे इस कार्यक्रम में अपनी ग्राम पंचायतों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले दो प्रधानों को प्रधानमंत्री पंचायती सशक्तीकरण पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा, वहीं पांच प्रधानों को मुख्यमंत्री प्रोत्साहन पुरस्कार दिए जाएंगे। इसके साथ सामुदायिक शौचालय की बेहतर देखभाल करने वाले महिला स्वयं सहायता समूह का प्रशस्ति पत्र मिलेगा, वहीं आवास के पात्र लाभार्थियों को चाबियां सौंपी जाएंगी। दो सालों से कोरोना के चलते राष्ट्रीय पंचायत दिवस औपचारिकता भर रह गया था। कोरोना संक्रमण से बाहर आने के बाद जिले में इस बार राष्ट्रीय पंचायत दिवस को भव्य रूप से मनाने का फैसला लिया गया। इस बार पंचायत दिवस का कार्यक्रम मूंढापांडे के ग्राम डिलरा रायपुर में रखा गया है। कार्यक्रम में माननीयों, डीएम, सीडीओ संग विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष शिरकत करेंगे। इस बार कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पंचायत दिवस पर अलग- अलग ग्राम पंचायतों के सात प्रधान प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री पुरस्कार से सम्मानित होंगे। प्रधानमंत्री पुरस्कार पाने वालों में डिलारी ब्लाक के ग्राम पंचायत की मिलक अमावती गार्गी चौधरी और मुस्तफापुर के रईसअहमद शामिल हैं, वहीं मुख्यमंत्री प्रोत्साहन पुरस्कार पाने के लिए डिलारी की गार्गी चौधरी, मुरादाबाद, रामनगर मझरा की प्रधान सोनिया सैनी, मूंढापांडे के अक्का डिलारी के उस्मान, प्रधान, मूंढापांडे के गांव रूस्तमपुर बढ़मार कर प्रधान नीलम ठाकुर और कुंदरकी नगला कमाल के प्रधान नरेंद्र सिंह शामिल किया गया है। इसके साथ ही सामुदायिक शौचालय की बेहतर देखभाल करने वाले समूह को प्रशस्ति पत्र दिए जाएंगे, वहीं आवास के लाभार्थियों को चाबियां सौंपी जाएंगी। इसके साथ ही ग्राम पंचायतों में ब्लाक स्टाफ की मौजूदगी में ग्रामीण व सदस्य आनलाइन लिंक की मदद से प्रधानमंत्री के संबोधन को सुनेंगे।

### बीमार आवारा पशु की मौत, ग्राम प्रधान-सचिव ने नहीं ली सुध

मुरादाबाद-क्षेत्र के गांवों में आवारा पशु बड़ी संख्या में घूम रहे हैं। क्षेत्र की ग्राम पंचायत सीमला के गांव मुंडाखेड़ी में कई दिन से एक आवारा पशु बीमार चल रहा था जिसकी जानकारी ग्राम सचिव व ग्राम प्रधान को दे दी गयी थी लेकिन, किसी ने भी कोई ध्यान नहीं दिया। देर रात गांव के ही योगेश सिंह के घेर में पहुंच कर बीमार पशु ने दम तोड़ दिया। जिसकी सूचना एक बार फिर से ग्राम पंचायत सचिव को दी गयी लेकिन, उसके बाद भी कोई नही पहुंचा। ग्रामीणों ने एकत्र होकर ही गोवंश का अंतिम संस्कार किया। प्रशासन की लापरवाही पर ग्रामीणों में भारी रोष है। आवारा पशु खेतों में भारी नुकसान कर रहे हैं। लेकिन उन्हें कोई पकड़ नहीं रहा। ग्रामीणों का कहना है की सरकार को प्रत्येक गांव में गोशाला खोलनी चाहिए।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख, समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Strength of diplomacy

The closeness we have seen between India and the UK will be remembered for years to come. British Prime Minister Boris Johnson's visit to India could prove to be a turning point. Britain wants to increase economic ties, as well as improve cooperation with India in defense matters. It may be that Britain's effort may also be to reduce India's dependence on Russia, but even then, the way India is moving forward looking at its own interests, it is commendable. The special success is that Britain will issue an Open General Export License to India, which will take less time in defense procurement supplies. Apart from this, Britain will also help India in making fighter jets. He also wants to help towards increasing India's power in the Indian Ocean. Britain has also talked about increasing investment in India in software engineering, artificial intelligence and health.

Not only this, both the countries are also going to sign a comprehensive free trade agreement by the end of this year. Such an agreement should have been reached earlier, but if Britain is now moving in this direction, then we cannot ignore the increased importance of India. The warmth that has been seen between Prime Minister Narendra Modi and Boris Johnson will be watched not only by Indian diplomats but also by the world. Both the leaders seem anxious to expand mutual relations, so the changing situation of the world also has a role in this. Diplomats also underline that the importance of India in world politics today was not there earlier. Earlier countries like America, Britain seemed obliged to treat India and Pakistan equally.

The global effort to keep both the countries on the same scale during the Cold War has disappointed India many times. We used to present our side, but could not take advantage of it. Now it seems that the world itself wants to go ahead and think about India. Be it the US Secretary of State or the Russian Foreign Minister or the Chinese Foreign Minister or now the Prime Minister of Britain, all these visits are proof of Indian power. The western scale of weighing us with Pakistan is probably broken now. We have to maintain both our rightful place and strength in world diplomacy. In another recent case, a US Congress member visited Pakistan-occupied Kashmir, which was objected to by India, after which the US government had to clarify that the Biden government had nothing to do with the visit of the Democrat MP. . There is no such country in the world, which can put India in the dock, being an old ally of Russia. India is moving very slowly.

He has neither gone against Russia, nor has he stood against Ukraine. This balance is the new powerful aspect of Indian diplomacy. In any case, India has to walk in view of its own interest. At the same time, it is also to be kept in mind that India is not just a market, no country should consider India only as a market. Relations should be expanded with only those countries, who are also aware of our sufferings. The strength of diplomacy should be realized in the development of the country.


# Nusrat Bharucha announces 'released in public interest', will be a unique woman and will knock in theaters on this day

Bollywood actress Nushrat Bharucha is going to be seen once again in theaters soon to entertain her fans. The release date has been announced for his upcoming film 'Janhit Mein Jari', interesting as the name itself. Along with this, Nushrat Bharucha has also shown a glimpse of her character. Which is pointing towards the female lead of the film. Nushrat Bharucha is often in discussion about many of her films. Now soon she is coming with 'Rani in public interest'. While sharing the funny motion poster, the actress has informed about the release date. His film will be released in theaters on June 10 this year. Sharing this post of 'released in public interest', Nusrat Bharucha wrote in the caption, "So far you have seen big films. But now it is the turn of this woman, who is coming with a big idea. This information is public interest. Continuing in, preparations are being made to meet in theaters on June 10." Jai Bantu Singh is directing the film 'Janhit Mein Jari'. While the story of the film has been written by Raaj Shaandilyaa. The film stars Pavail Gulati in the lead role along with Nushrat Bharucha. Talking about Nushrat Bharucha's workfront, the actress has many good projects in her account. Apart from 'Janhit Me Jari', he has 'Ram Setu' and some unannounced projects. Akshay Kumar and Jacqueline Fernandez will also be seen with Nusrat in 'Ram Setu'. Recently, the actress was seen in the films 'Chhori' and 'Hurdang'. While 'Chhori' is a horror film, 'Hurdang' is a film based on student politics. Let us tell you that Nusrat Bharucha started her career with the film 'Jai Santoshi Maa'. After this, she has appeared in films like Luv Ranjan's 'Pyaar Ka Punchnama', 'Pyaar Ka Punchnama 2', Akash Vani, 'Sonu Ke Titu Ki Sweety' and 'Dream Girl'.



# Isha Koppikar told 'I was completely broken', the actor wanted to meet in private

Popularly known as 'Khallas Girl', Isha Koppikar's career highlights include 'Pinjar', 'Qayamat', 'Darna Mana Hai' and 'Kya Kool Hain Hum' among others. Most of his films could not do wonders at the box office. Gradually Isha disappeared from Bollywood. Getting a job in the industry is not that easy either. Isha has mentioned this many times. He revealed in his recent interview how a Bollywood actor wanted to meet him in private but he refused. She was completely broken after this incident. 'It is necessary to stay in the good books of the hero' - In February this year, Isha had told that an actor wanted to meet her without staff, when she refused, she was removed from the film. On this statement of Isha, Bollywood Hungama asked her a question. She said, 'I was completely broken and disillusioned with all this. Because I used to think that what matters is how you look and how you act but what really matters is that you are in the good books of the hero and that is what good books mean. Everyone's priorities are different- Isha further said, 'I think we all have our own priorities. For me my life is bigger than my work. In the end it is my conscience. I need to look in the mirror and feel good. Isha's web series 'Dahanam' has been released recently. It is in Hindi and Tamil language. Isha has become a police officer in the series. This series has been produced by Ram Gopal Varma.



# गांधीपार्क पुलिस ने बच्चा चोर गैंग का किया पर्दाफाश, 4 महिला सहित 6 गिरफ्तार, 18 दिन की बच्ची बरामद, SP सिटी ने किया खुलासा

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ़- थाना गांधी पार्क क्षेत्र का है जहां थाना पुलिस के हाथ बड़ी सफलता लगी है। गांधी पार्क पुलिस ने बच्चा चोर गैंग का पर्दाफाश किया है जिनके कब्जे से 18 दिन की एक बच्ची बरामद हुई है। वहीं पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए गैंग में 4 महिलाएं व दो पुरुष शामिल हैं। वही पूरे मामले की जानकारी देते हुए एसपी सिटी कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया की 3 अप्रैल को नगीना पत्नी इरशाद निवासी बसई काजी थाना सासनी को पुत्री पैदा हुई थी। वही पुत्री पैदा होने के बाद गांव की ही निवासी महिला ऊषा ने बेटी पैदा होने पर सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना से ?100000 मदद के रूप में दिलाये जाने का भरोसा दिला कर जिला अस्पताल लेकर आई जहां अपनी अन्य साथियों की मदद से बच्चे को गायब कर दिया। वही पूरे मामले की शिकायत पीड़िता द्वारा थाना गांधी पार्क में दर्ज कराई गई। वहीं पीड़िता द्वारा शिकायत दर्ज करने के बाद थाना पुलिस अलर्ट मोड में आ गई और आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित कर दी। वहीं पीड़िता द्वारा दी गई शिकायत पर थाना पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बीते दिन घटना में शामिल 4 महिला उषा पत्नी राम पाल, नेहा पत्नी विष्णु, विमला देवी पत्नी वेद प्रकाश, रेनू पति सुरेश, व 2 पुरुष विष्णु पुत्र वेद प्रकाश, को अभिषेक पुत्र वेद प्रकाश, को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से 18 दिन की मासूम भी बरामद की है।

# जिला अस्पताल एवं महिला अस्पताल की मिलीभगत से बच्चा चोरी प्रकरण हो रहे हैं-ठाकुर राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ़- जिला अस्पताल में बच्चा चोरी का प्रकरण एक नया नहीं है बहुत समय से बच्चा चोरी के मामले जिला अस्पताल में इलाज पताल में सामने आ रहे हैं पुलिस की सक्रियता से यह जबरदस्त गैंग पकड़ा गया है इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए कई बार मामले बच्चा चोरी प्रकरण के सरकारी अस्पतालों से उठे हैं लेकिन टाय टाय फिश हुए हैं कोई मामला उजागर नहीं हुआ लेकिन आज एसएसपी एसपी सिटी की सक्रियता से मामला बहुत जबरदस्त उजागर हुआ है एसएसपी एसपी सिटी को धन्यवाद देता हूं भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि इन दोनों सरकारी अस्पतालों में मरीजों की तरफ ध्यान देना चाहिए मरीजों के साथ मेहनत करनी चाहिए जो आजकल मरीज इन अस्पतालों में भर्ती हो रहे हैं उनकी देखरेख उनका ट्रीटमेंट अच्छा होना चाहिए उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश का पालन होना चाहिए भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने साफ कहा है कि जिला अस्पताल में लापरवाही मरीजों के साथ में कई बार सामने आ चुकी है लेकिन यह डॉक्टर नर्स यह अपनी आदत से बाज नहीं आ रही है इनको पता होना चाहिए उत्तर प्रदेश में माननीय योगी आदित्यनाथ जी की सरकार है इस सरकार में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी सरकार के आदेश का जिला अस्पताल में सख्ती से पालन होना चाहिए अगर इस तरह की घटनाएं भविष्य में नहीं होनी चाहिए बच्चा चोरी प्रकरण मैं सख्त कार्रवाई होनी चाहिए जो भी इस प्रकरण में शामिल है उनको सजा होनी चाहिए भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने साफ कहा है कि महिला अस्पताल में जो वेंटिलेटर लगे हुए हैं उसमें भी पैसे लिए जाते हैं यह प्रकरण कई बार सामने आया है इसकी भी जांच होनी चाहिए मरीजों के साथ में परिवार जैसा व्यवहार होना चाहिए और लगन और जिम्मेदारी के साथ मरीजों की सेवा होनी चाहिए सरकार इसी चीज का वेतनमान देती है सरकार के आदेश का उल्लंघन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा भाजपा किसान मोर्चा महानगर का एक प्रतिनिधिमंडल जिला अस्पताल महिला अस्पताल का निरीक्षण करेगा

# बिजली के तारों से चिपका युवक, मौत घर में मचा कोहराम

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़- लोधा क्षेत्र के गांव नेहरा निवासी विष्णु शर्मा ( 22 ) पुत्र तालेवर शर्मा शुक्रवार सुबह अपने परिवार के साथ खेत पर गेहूं निकालने गया था कटर के ऊपर 11000 की लाइन गुजर रही थी तभी कटर में लॉक लगाते समय अचानक ही ऊपर गुजर रही 11000 की लाइन से चिपक गया युवक के साथ चिपकते ही अफरा-तफरी और हाय तौबा मचाने लगी किसी प्रकार बिजली के तारों से युवक को छुड़ाया और अस्पताल ले जाने लगे मगर युवक ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया युवक की शादी करीब 8 माह पूर्व हुई थी मृतक दो भाई व दो बहन में सबसे छोटा था हादसा होने की खबर से परिवार में कोहराम मच गया परिवारीजनों ने बिजली विभाग को तो सूचित कर दिया मगर थाना पुलिस को बताए बिना शव को दाह संस्कार कर दिया पुलिस मामले की जांच कर रही है

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# पिता के साथ मायके जा रही महिला प्रेमी के साथ रहने की जिद पर, अड़ी

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़- थाना हरदुआगंज दादी की मौत होने पर बेटी को ससुराल से बुलाने आए पिता के साथ मायके जाती महिला ने रास्ते में प्रेमी को बुलाकर उसके साथ जाने की जिद कर डाली पिता ने विरोध किया तो हंगामा हो गया यह मामला थाने जा पहुंचा पुलिस ने प्रेमी को हिरासत में ले लिया महिला के पति को बुलाया गया है

उसके आने पर इस मामले को पुलिस समझाने का प्रयास करेगी कासगंज जिले के एक गांव की युवती का विवाह 6 साल पहले हरदुआगंज क्षेत्र के गांव बरानदी गांव में हुआ था अब महिला एक बच्चे की मां है उसका पति बाहर रहकर मजदूरी करता है वही महिला की दादी की बीते दिनों मौत हो गई थी पिता उसे बुलाने आया बेटी बच्चों को लेकर ससुराल से पिता गांव जा रहा था इधर युवती ने फोन करके अपने प्रेमी को बुला लिया वह बाइक,आ,गया रास्ते से युवती उसके साथ जाने लगी, पिता ने पहले उसे काफी समझाया नहीं मानी तो विरोध किया लेकिन वह मानने को तैयार नहीं हुई तो उसने पुलिस को फोन करके मौके पर बुला लिया पुलिस प्रेमी को हिरासत में लेकर थाने पहुंच गई जहां महिला प्रेमी के साथ रहने की जिद पर अड़ी है हुई थी थाना प्रभारी ने बताया कि उसके पति के आने के बाद ही आगे की कार्रवाई तय होगी

# बच्चों के साथ खेल रही मासूम बच्ची को मैक्स गाड़ी ने रौंदा

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ़- अलीगढ़ थाना इगलास क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सहारा में घर के बाहर बच्चों के साथ खेल रही कोमल पुत्री बिजेंदर को मैक्स गाड़ी ने अपनी चपेट में ले लिया और गंभीर रूप से घायल होकर बच्ची बेहोश हो गई परिजनों का आरोप है कोमल उम्र 5 साल घर के बाहर खेल रही थी अचानक मैक्स गाड़ी ने अपनी चपेट में ले लिया और बेहोश होकर बच्ची गिर पड़ी कोमल की बुआ की नजर बच्ची पर पड़ी परिजनों ने घटना की ओर दौड़ लगा दी आनन-फानन में पुलिस को सूचना दी मैक्स गाड़ी को इलाका पुलिस ने हिरासत में ले लिया है वही ड्राइवर फरार बताया जा रहा है बच्ची को लेकर परिजन जिला अस्पताल मलखान पहुंचे जहां बच्ची की हालत गंभीर बनी हुई है उपचार जारी है घटना से परिजन सदमे में हैं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है पुलिस ने मैक्स गाड़ी को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है

# खेत में पानी लगा रहे युवक पर गांव के पडौसियों ने किया जानलेवा हमला , जमकर किया पथराव

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ़- थाना अकराबाद क्षेत्र के गांव कल्याणपुर,में खेत में पानी लगा रहे किसान पिंट उर्फ प्रदीप दूसरा, विवेक,उसके गांव के ही लोगों ने पीटकर घायल कर दिया। बीच बचाव करने आए अन्य व्यक्ति को भी काफी चोटें आई है। इतना ही नही वहां खडे टक्टर और इंजन को भी तोड दिया। घायल किसान के भाई हरेन्द्र ने बताया कि ये दबंग किस्म के लोग आए दिन गांव में इस तरह की हरकतें करते रहते है। पर गांव के दबंगो ने जाकर लाठी डंडे बरसाना शुरू कर दिया। दोनों पक्षों के विवाद में जमकर लाठी डंडे चले। दोनों पक्षों की ओर से कई लोग घायल हुए है तो वहीं एक की हालत ज्यादा गंभीर है, जिसका इलाज न्यू आराध्या हॉस्पिटल में चल रहा है। जहां डॉक्टरों ने बताया कि सीरियस कंडीशन है इलाज चल रहा है मामले में पुलिस ने चार लोगो को हिरासत में लिया, है

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# मनरेगा कर्मचारियों के द्वारा जल सत्याग्रह का आयोजन कर सरकार का किया विरोध प्रदर्शन

## जिला सूरजपुर सरपंच संघ के अध्यक्ष ने हड़ताली मनरेगा कर्मचारियों को किया समर्थन

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत कार्यरत सभी कर्मचारियों के द्वारा 2 सूत्रीय मांगों को लेकर 4 अप्रैल 2022 से हड़ताल एवं धरना पर हैं। बता दें कि आज हड़ताल धरना प्रदर्शन का 20वा दिन है फिर भी सरकार के द्वारा कोई पहल नहीं किया जा रहा है जिसके विरोध में मनरेगा कर्मचारियों के द्वारा गांधीवादी विचारधारा को लेकर विभिन्न प्रकार के गतिविधियां दांडी यात्रा, जन सत्याग्रह, जल सत्याग्रह उनके द्वारा किया जा रहा है आज दिनांक 23 अप्रैल 2022 को दिन शनिवार सरकार के विरोध में सभी मनरेगा कर्मचारियों के द्वारा जिला सूरजपुर के समीप छठ घाट के पास रिहंद नदी में जल सत्याग्रह का आयोजन किया गया। इसमें सभी मनरेगा कर्मचारियों के द्वारा जल समाधि लिया गया और अपने मांगों से मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल को अवगत कराया गया। मांग पूरा नहीं किए जाने पर मनरेगा कर्मचारियों के द्वारा उग्र आंदोलन करने का चेतावनी भी दिया गया है। इसी क्रम में मनरेगा कर्मचारियों के समर्थन हेतु जिला सूरजपुर के सरपंच संघ के अध्यक्ष श्री अवधेश प्रताप सिंह, विकास खंड सूरजपुर, भैयाथन एवम प्रेमनगर सरपंच संघ के अध्यक्षो के द्वारा आज दिनांक 23 अप्रैल 2022 को धरना स्थल के मंच पर आकर अपना समर्थन दिया और उनके द्वारा बोला गया की मनरेगा कर्मचारियों का यह मांगे पूर्णता जायज है जिसे सरकार को जल्द से जल्द इनकी मांगों को पूरा करना चाहिए। उनके द्वारा बताया गया कि मनरेगा कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से लाखों मजदूरों को मजदूरी नहीं मिल पा रही है। जिससे मजदूरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सरपंच संघ के अध्यक्ष के द्वारा बताया गया कि हमें उनके मांगों का पूर्ण समर्थन करते हैं और जब तक उनकी मांगे पूर्ण नहीं होगी तब तक मनरेगा अंतर्गत ग्राम पंचायत में कोई भी कार्य संचालित नहीं होने देंगे। जिसका पूर्ण समर्थन करते है। अध्यक्ष श्री अवधेश प्रताप सिंह द्वारा माननीय श्री भूपेश बघेल मुख्यमंत्री महोदय जी को इनकी मांगों को लेकर उन्हें पत्र के माध्यम से 2 सूत्री मांगों जैसे 1. चुनावी घोषणा पत्र को आत्मसात करते हुए समस्त मनरेगा कर्मियों का नियमितीकरण किया जावे। 2. नियमितीकरण की प्रक्रिया पूर्ण होते तक रोजगार सहायकों का ग्रेड पे निर्धारण कर समस्त मनरेगा कर्मियों पर सिविल सेवा नियम 1966 के साथ पंचायत कर्मी नियमावली लागू किए जाने के लिए पत्र भेजकर मुख्यमंत्री महोदय जी को अवगत कराया गया है और उनकी मांगों को जल्द से जल्द पूर्ण करने को कहा गया है। ताकि मनरेगा कर्मचारियों की वापसी के बाद मनरेगा मजदूरों को प्रति दिवस उनको मजदूरी मिल सके। छत्तीसगढ़ मनरेगा कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष के द्वारा बताया गया कि मनरेगा कर्मचारियों के द्वारा अपने मांगों को लेकर हड़ताल में चले जाने से पूरे प्रदेश के मनरेगा मजदूरों को रोजगार के लाले पड़ गए हैं।

जिससे जिले में मजदूरों का पलायन होने की स्थिति उत्पन्न हो गई है। आलम यह है कि आज की तारीख में सूरजपुर जिला में मनरेगा अंतर्गत एक भी मजदूरों को काम नहीं मिला है। जबकि पूरे प्रदेश में मनरेगा के तहत 4299897 परिवार पंजीकृत हैं एवं 10049404 मजदूर पंजीकृत हैं। मनरेगा कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष श्री सुनील कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष श्री रवि कांत सोनी, सचिव श्री प्रेम साय पैकरा

# आरके इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मेसी में एक वित्तीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का किया गया आयोजन




तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली - जनपद बरेली के फरीदपुर रोड पर स्थित आरके इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मेसी पर सेमिनार का आयोजन किया गया ।सेमिनार का विषय करंट ट्रेंडर्स इनफॉरमेशन कॉल साइज सेज रहा इस कार्यक्रम में ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों मध्यम से लेक्चर प्रस्तुत किए किया गया कार्यक्रम में छात्रों को एनिमल सेल कल्चर से संबंधित रिसर्च पर मार सके डॉ आशीष वाधवानी ने संबोधित किया वहां आरएनए इंटरफ्रेंस पर अमेरिका से डॉक्टर नीलेश अंबेरेने द्वारा छात्रों का ज्ञान वर्धन किया गया वही आपको बता दें ऑस्ट्रेलिया से डॉ स्मिता मोहरा शर्मा ने ग्रींगा माइंडेड पर छात्रों को मोटिवेट किया इंदौर के प्रोफेसर आरके महेश्वरी जी ने ऑर्गन स्वेल से बचने के लिए मैक्स हाइड्रो सी विषय पर छात्रों को जागरूक किया सिडनी की हेल्थ मिनिस्ट्री में कार्यरत श्री पीयूष शर्मा ने टेक्नोलॉजी के फार्म में बढ़ते स्कोर पर छात्रों को प्रोत्साहित किया सेमिनार में बहुत से छात्रों ने पोस्टर प्रेजेंटेशन किया जिसमें प्रथम स्थान पर मुकेश यादव पुष्पेंद्र यादव पुष्पाल ने प्राप्त किया विजेताओं को ट्रॉफी शरीफ सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया

कार्यक्रम में शेयर पर्सनल डॉक्टर कमल मेहरा ने अतिथियों का साल पहना कर सम्मान किया एवं तुलसी का पौधा भेंट किया कार्यक्रम में सृष्टि डॉक्टर सुमित मेहरा एंड डॉक्टर इला अरोरा मेहरा के साथ, विवेक मिश्रा एडमिन अफसर श्री थामस कुरान एवं फार्मेसी विभाग के अध्यापक श्री ओमवीर सिंह डॉ आचार्य मल्होत्रा आदि लोग मौजूद रहे और सफलता पूर्ण इस कार्य को अंजाम दिया गया । जिसमें प्रमुख अतिथि रहे अजय कुमार उपाध्याय एसडीएम फरीदपुर एवं डॉ बासित अली मेडिकल अफसर सीएचसी फरीदपुर द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन सरस्वती पूजन के साथ किया गया ।

# आईपीएल सट्टा करानें में बीमा कम्पनी मैनेजर सहित 11 गिरफ्तार

हारून बख्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



फर्रुखाबाद - आईपीएल सट्टा करानें के आरोप में पुलिस ने बीमा कम्पनी मैनजेर सहित पुलिस ने 11 को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस की यह बड़ी कामयाबी बतायी जा रही है. दरअसल बीती रात एसओजी प्रभारी बलराज भाटी ने शहर कोतवाली के पक्का पुल रानी साहेब की मस्जिद के पास निवासी अनुभव गुप्ता पुत्र रामचन्द्र. पक्का पुल निवासी हिमांशु उर्फ हैप्पी ठाकुर पुत्र रामा सिंह. मोहल्ला नुनहाई निवासी हेमंत उर्फ सोनू पाण्डेय पुत्र राम नरेंश. अरसद पुत्र असलम निवासी सूफी खां मऊदरवाजा. नाला मछरटटा निवासी राजेश शुक्ला पुत्र बृजबिहारी. आदर्श पुत्र धर्म सिंह कटियार निवासी बढ़पुर. विनीत सक्सेना पुत्र विनोद कुमार मोहल्ला अमीन खां मऊदरवाजा. अमित अग्निहोत्री पुत्र विजय अग्निहोत्री आवास.विकास. राम शुक्ला पुत्र गोविन्द शुक्ला निवासी बागकूंचा. घनश्याम सिंह पुत्र परशु राम सिंह सिंहबाहिनी कालोनी मंडी रोड़. रितेश श्रीवास्तव पुत्र सोनेलाल निवासी अनोखे लाल वाली गली बढ़पुर को आईपीएल सट्टा करानें के आरोप में गिरफ्तार किया गया. एक आरोपी एक बीमा कम्पनी में मैनेजर हैं. जबकिआरोपी आदर्श कटियार बढ़पुर में इंवर्टर बैट्री की दुकान चलाता है. पुलिस को चकमा देकर नौशाद पुत्र अहमद अली निवासी भीकमपुरा. सौदान सिंह पुत्र मान सिंह निवासी नाला सिम्त सुमाल पुलिस को चकमा देकर फरार हो गये. पुलिस ने पकड़े गये आरोपियों के पास से 31000 रूपये. 15 मोबाइल. सट्टा पर्ची. पेड व पेन. एक एलईडीटीवी. सेट अप बाक्स, एक लेपटॉप बरामद किया.

# दंगाईयों से निपटने के लिए पुलिस ने किया मार्क ड्रिल


हारून बख्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



फर्रुखाबाद -फर्रुखाबाद.दंगा आदि से निपटने के लिए पुलिस ने कई थानों में मार्क ड्रिल किया गया7 जनपदीय पुलिस ने दंगा नियंत्रण. बलवा नियंत्रण का मॉक ड्रिल अभ्यास किया तथा दंगाई से निपटने के लिए विभिन्न प्रकार के टिप्स दिए गए। एसपी आशोक कुमार मीणा के निर्देश पर समस्त क्षेत्राधिकारी. थाना प्रभारी. थानाध्यक्ष. शाखा प्रभारी, प्रतिसार निरीक्षक व सभी क्यूआरटी टीम को दंगा निरोधक. बलवा निरोधक उपकरणों के इस्तेमाल से मॉक ड्रिल अभ्यास कराया। पुलिस बल को दंगाइयों से निपटने के लिए विभिन्न टिप्स दिए। अभ्यास के दौरान भीड़ को तीतर-बीतर करने. फायर ब्रिगेड की गाड़ी से पानी की बौछार.लाठी चाज.ʽआंसू गैस के गोले और दंगाइयों पर रबर के गोले. एंटी राइट गन. रबर बुलेट गन. टीयर गैस गन. हैंड ग्रेनेड आदि शस्त्रों का अभ्यास कराया

# कोल विधायक बोले अस्पताल के हालत देख शर्मिंदा हूं -अनिल पाराशर






लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़- बीजेपी से कोल विधायक अनिल पाराशर पहुंचे दीनदयाल हॉस्पिटल का औचक निरीक्षण करने, रजिस्ट्रेशन काउंटर पर बैठा कर्मचारी मिला नशे की हालत में, हॉस्पिटल में गंदगी देख विधायक का चढ़ा पारा, डॉक्टरों के समय से ना पहुंचने अल्ट्रासाउंड कक्ष में कर्मचारी भी नहीं मिले मौके पर, एक रुपए का पर्चा बनवाने के बाद आम आदमी की तरह पहुंचे विधायक, क्वारसी थाना इलाके के पंडित दीनदयाल हॉस्पिटल का किया निरीक्षण, विधायक अनिल पाराशर ने जानकारी देते हुए बताया है

आज मैं दीनदयाल हॉस्पिटल का निरीक्षण करने के लिए गया था, इस दौरान मैंने आम आदमी की तरह एक रुपए का पर्चा बनवाया, पर्चा बनवाने के बाद हॉस्पिटल के अलग-अलग ऑफिस हो गए हैं विधायक घूमते हुए नजर आए, जिस वक्त में पर्चा बनवा रहा था पर्चा बनाने वाला कर्मचारी नशे की हालत में था, सीएमओ द्वारा तत्काल उस कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई कर दी गई है, इसके अलावा कई जगह हॉस्पिटल में अव्यवस्था मिली, इसके अलावा अल्ट्रासाउंड कक्ष में कर्मचारी भी मौजूद नहीं थे, पूरे घटनाक्रम से मैंने उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया है, लापरवाह कर्मचारी हो या अधिकारी सभी के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

# राशन वितरण में धांधली को लेकर ग्रामीणों ने दिया उप जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र और किया कार्रवाई की मांग



लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- जमुनहा तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत झिरझिरवा के सरकारी राशन दुकान के करम मोहम्द कोटेदार द्वारा राशन वितरण में अनियमितता को लेकर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है ग्रामीणों ने शिकायत पत्र उप जिला अधिकारी सौरभ शुक्ला को दीया जिसमें आरोप लगाया है की फरवरी माह 2022 का अतिरिक्त राशन नमक तेल चना आदि नहीं दिया गया है तथा मार्च माह में दीया भी गया तो उसमें भी घट तौली करके दिया गया है और कभी भी फिंगर लगवाने के बाद कोटेदार के द्वारा प्रार्थी पर्ची नहीं दी जाती है कोटेदार के द्वारा मनमानी तरीके से कार्य किया जा रहा है ऐसी स्थिति में पार्थी गणों द्वारा कोटेदार के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए दुकान निरस्त कर नई दुकान बनाये जाने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया है इस संबंध में उप जिलाधिकारी द्वारा उपरोक्त प्रार्थना पत्र की जांच सप्लाई इंस्पेक्टर जमुनहा को दिया है इस संबंध में सप्लाई इंस्पेक्टर जमुनहा से बात करने पर बताए गए की प्रार्थना पत्र मिला है और जांच किया जा रहा है दोषी पाए जाने पर तत्काल दुकान निरस्त कर दी जाएगी गांव के मंजूर , इस्लाम, फरमान, रियाज खान, पुत्तन खान, नाजिमा , सायरा बेगम, अन्य ग्रामीणों ने उप जिला अधिकारी को प्रार्थना पत्र भेजकर कार्यवाही की मांग किया है ।

# 15 हजार का इनामिया नाजायज तमंचा के साथ गिरफ्तार




प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार तिवारी थाना इकौना माया पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर की सूचना पर भोलहा तमाही मार्ग पर बनी पुलिया वहद ग्राम नरायनजोत के पास से 15 हजार का इनामिया वांछित अभियुक्त भीम खटिक पत्र जंगली खटिक निवासी गोकुली चौकी मथुरा बाजार थाना ललिया जनपद बलरामपुर को 01 अदद नाजायज तमंचा के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना इकौना मु0अ0सं0 94/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया गया। अभियुक्त भीम खटिक पुत्र जंगली खटिक निवासी गोकुली चौकी मथुरा बाजार थाना ललिया जनपद बलरामपुर एक शातिर चोर है चोरी करने वाले घर का यह पहले रेकी करता था और रात्रि के समय नकाबजनी कर चोरी को अंजाम देता था।

अभियुक्त के विरूद्ध पूर्व में थाना इकौना में कई अभियोग पंजीकृत हैं। गिरफ्तारी से बचने के लिए काफी दिनों से फरार चल रहा था। अभियुक्त के विरुद्ध जनपद बलरामपुर के थाना ललिया मे करीब एक दर्जन अभियोग पंजीकृत है तथा थाना ललिया का हिस्ट्रीशीटर भी है। इसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती द्वारा रु0 15 हजार का इनाम घोषित किया गया था।

आपका
लोकप्रिय दैनिक
क्यूँ न लिखूँ सच
ज्वाइन करने का सुनहरा मौका
आवश्यकता है
छत्तीसगढ़ राज्य और सभी राज्यों और जिला व सभी तहसील एवं ब्लाक स्तर पर रिपोर्टर की
संपर्क करें-
9027776991

# 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार सिंह थाना कोतवाली भिनगा मय हमराह टीम क्षेत्र में भ्रमणशील थे कि मुखबिर खास की सूचना पर भुजंगा में सधईपुरवा मोड़ से अभियुक्त मालिकराम पुत्र स्व0 जवाहिर निवासी गांधी थाना कोतवाली भिनगा जनपद श्रावस्ती को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना को0भिनगा पर मुकदमा अपराध संख्या 150/2022 धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया

## सीएम योगी की नीतियों से प्रभावित हुए पांच शराब माफिया, थाने जाकर किया सरेंडर, बोले-अब कभी नहीं बनाउंगा शराब



शाहजहांपुर जिले में अवैध कच्ची शराब का निर्माण और बिक्री करने वाले कथित पांच शराब माफिया ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नीतियों से प्रभावित होकर सरेंडर कर दिया। ये माफिया हाथों में पोस्टर लेकर थाने पहुंचे और कहा, हम लोग शराब बनाते हैं, लेकिन मुख्यमंत्री की नीतियों से प्रभावित होकर शराब बनाना छोड़ रहे हैं। हम पुलिस के समक्ष सरेंडर करने आए हैं।शाहजहांपुर के पुलिस अधीक्षक ( एसपी ) एस आनंद ने शनिवार को भाषा को बताया कि खुटार थाना क्षेत्र के मेनिया गांव में पांच शराब माफिया रहते हैं, जो कच्ची शराब बनाने और बेचने का धंधा करते हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा जिले में लगातार मादक पदार्थों और अवैध शराब के विरुद्ध की जा रही ताबड़तोड़ कार्रवाई से शुक्रवार शाम हाथों में पोस्टर पकड़कर पांच लोगों ने थाना खुटार में थाना प्रभारी धनंजय सिंह के समक्ष सरेंडर किया है। एसपी ने बताया कि जिन शराब माफिया ने सरेंडर किया है, उनमें से चार हिस्ट्रीशीटर अपराधी हैं। उन्होंने कहा कि माफिया के हाथों में जो पोस्टर था उसमें लिखा है कि, मैं कच्ची शराब बनाने और बेचने का कार्य करता हूं, लेकिन योगी आदित्यनाथ की नीतियों से प्रभावित होकर अपने आप शराब बनाने का काम छोड़ रहा हूं, अब कभी शराब नहीं बनाऊंगा, इसीलिए सरेंडर करने आया हूं। आनंद ने बताया कि आरोपी कश्मीर सिंह, रोशन सिंह, देशराज सिंह, चमन सिंह और गुरमीत ने थाने में शराब कारोबार न करने की शपथ खाई। इसके बाद थाना प्रभारी ने सभी शराब विक्रेताओं को चेतावनी देकर भविष्य में अपराध न करने की हिदायत देते हुए छोड़ दिया।


## छुट्टी के लिए परेशान करता था थानेदार, सिपाही ने बेटे को सुसाइड नोट भेजकर खुद को मार ली गोली



यूपी के वाराणसी में एक पुलिसकर्मी ने थानेदार की प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या कर ली। लालपुर पांडेयपुर थाने के मुख्य आरक्षी चालक यशवंत सिंह ( 50 ) ने शनिवार भोर में तकरीबन तीन बजे बेटे को सुसाइड नोट भेजकर सरकारी जीप में खुद के लाइसेंसी रिवाल्वर से कनपटी में गोली मार ली। पीआरवी के सिपाही और थाने के पुलिसकर्मी उन्हें बीएचयू ट्रामा सेंटर ले गए, जहां गंभीर हाल में उन्हें आईसीयू में रखा गया है। गोली कनपटी में फंसी है। सुसाइड नोट में थाना प्रभारी पर छुट्टी के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। आजमगढ़ के मेंहनगर थाना क्षेत्र के पवई खुर्द निवासी यशवंत सिंह पहली जून 2020 को जब से लालपुर-पांडेयपुर थाना बना, तब से मुख्य आरक्षी चालक के तौर पर कार्यरत हैं। यातायात पुलिस लाइन के निकट सरकारी आवास में वह परिवार के साथ रहते हैं। शुक्रवार रात नाइट अफसर सूर्यवंश यादव के साथ क्षेत्र में भ्रमण के बाद उन्होंने पहड़िया मंडी के गेट के पास जीप खड़ी की। नाइट अफसर व अन्य साथी पुलिसकर्मियों ने मंडी में ही एक दुकान पर चाय पीने के लिए चलने को कहा। लेकिन यशवंत ने मना कर दिया। बाकी पुलिसकर्मी चाय पीने चले गए। तब यशवंत जाकर जीप में बैठ गए और थोड़ी देर में खुद को गोली मार ली। बीएचयू ट्रामा सेंटर में गंभीर हाल में भर्ती यशवंत सिंह को देखने पुलिस कमिश्नर ए. सतीश गणेश पहुंचे। उन्होंने परिजनों से भी बात की। बेटे को भेजे गये सुसाइड नोट को देखा।

अन्य खबरों के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

## शादीशुदा महिला की कही एक बात को दिल से लगा बैठा था अंकित, प्रेमिका के कहने पर दे दी थी जान



यूपी के शाहजहांपुर में एक युवक ने शादीशुदा महिला से दिल लगाया तो उसकी कीमत उसको अपनी जान देकर चुकानी पड़ी थी। पिछले वर्ष 13 अक्टूबर को मदनापुर के गांव बेटा निवासी अंकित गुप्ता का शव गंगा मंदिर के सामने बघापुर रोड के किनारे पेड़ से लटका मिला था। इससे पूर्व 11 अक्तूबर को युवक के पिता ने बेटे की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। जांच पड़ताल पता चला कि एक शादीशुदा महिला के प्यार में अंकित पड़ा था। एक दिन प्रेमिका ने गुस्से में आकर अंकित से फोन पर कह दिया था कि जाकर कहीं मर क्यों नहीं जाता। प्रेमिका की इस बात को अंकित ने दिल से लगा लिया और अपनी जान दे दी थी। इसकी जानकारी तब हुई जब प्रेमिका को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। प्रेमिका ने अंकित से फोन पर हुई सारी बातें बताईं।मामला पिछले साल अक्टूबर महीने का है। 12 अक्टूबर को मदनापुर के गांव बेहटा पाठक निवासी हरीओम हाल निवासी प्रेमनगर थाना जलालाबाद ने तहरीर दी थी। बताया था कि उनका बेटा अंकित 11 अक्टूबर को कहीं चला गया। 13 अक्टूबर को युवक का शवव मिलने के बाद पुलिस ने धारा 306 में तरमीम किया। सीतापुर की रहने वाली उसकी प्रेमिका को नामजद किया। विवेचना दरोगा अमित कुमार ने की। शुक्रवार को पुलिस ने महिला को दबोचा। पूछताछ में महिला ने बताया कि एक बार उसके मोबाइल पर रॉंग नंबर से फोन आया था। बात करने पर उसने अपना नाम अंकित बताया था। इसके बाद दोनों के बीच बात होने लगी। महिला का कहना था कि उसने अपने शादीशुदा होने की बात अंकित को नहीं बताई थी। अंकित उससे शादी करना चाहता था। महिला अंकित से हर रोज फोन पर बात करती थी। एक दिन पति ने उसे अंकित से बात करते देखकर पीट दिया था, लेकिन अंकित उससे बात करने के लिए पीछे पड़ गया था। पति द्वारा पीटे जाने से गुस्साई महिला ने अंकित से कह दिया था मर क्यों नहीं जाते। इसके बाद पता चला कि अंकित ने आत्महत्या कर ली।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

आपका लोकप्रिय दैनिक
क्यूँ न लिखूँ सच
ज्वाइन करने का सुनहरा मौका
आवश्यकता है
बरेली मुरादाबाद बदायूं उधम सिंह नगर की सभी तहसील एवं ब्लाक स्तर पर रिपोर्टर की
संपर्क करें- 9027776991